<u>विधानसभा / महत्वपूर्ण</u>

# कार्यालय संचालक
## संचालनालय खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण

ब्लॉक–2, तृतीय तल, इंद्रावती भवन, नवा रायपुर, अटल नगर (छ.ग.)
(Telephone-0771-2511974, email- dirfood.cg@gov.in, website- www.fcs.cg.gov.in)

क्रमांक 109/संचा.–वि.स./2026 नवा रायपुर, दिनांक 30/06/2026

प्रति,

1. **प्रबंध संचालक,**
छ.ग. राज्य सहकारी विपणन संघ मर्या.
अटल नगर, नवा रायपुर

2. **प्रबंध संचालक,**
अपेक्स बैंक,
अटल नगर, नवा रायपुर, छ.ग.

3. **कलेक्टर,**
जिला–बालोद,
छत्तीसगढ़

**विषय :– विधानसभा प्रश्न कमांक 835 अतारांकित द्वारा श्रीमती संगीता सिन्हा, सदस्य विधानसभा की जानकारी उपलब्ध कराने बाबत्।**

कृपया विषयांतर्गत विभाग से प्राप्त विधानसभा प्रश्न कमांक 835 अतारांकित की प्रति संलग्न है।

उपरोक्त विधानसभा प्रश्न का उत्तर 'यूनिकोड फॉन्ट' में (परिशिष्टों की जानकारी भी 'यूनिकोट फॉन्ट' में) **दिनांक 02.07.2026** तक ई–मेल (dirfood.cg@gov.in) के माध्यम से हार्ड कॉपी एवं साफ्ट कॉपी सहित अनिवार्य रूप से भिजवाने का कष्ट करें। विधानसभा प्रश्न विभागीय वेबसाईट से भी डाउनलोड किये जा सकते है।

**संलग्न–उपरोक्तानुसार**

Bhaskar

**सहायक संचालक**
खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उप.संर

पृ.क्रमांक 110 /संचा.–वि.स./2026 नवा रायपुर, दिनांक 30/06/2026

**प्रतिलिपि :–**

खाद्य अधिकारी, जिला–बालोद, छत्तीसगढ़। कृपया उक्त प्रश्न की जानकारी संचालनालय को निर्धारित समय–सीमा में उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

Bhaskar

**सहायक संचालक**
खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उप.संर.

# छत्तीसगढ विधान सभा सचिवालय

प्रश्न

उत्तर भेजने का अन्तिम दिनांक : **10/07/2026**

वर्ग : 5 सदन में उत्तर देने का दिनांक : **17/07/2026** विभाग का नाम : **खाद्य, नागरिक आपूर्ति तथा उपभोक्ता संरक्षण**

विषय : **संजारी-बालोद विधान सभा क्षेत्र के अंतर्गत समर्थन मूल्य पर खरीदे गये धान एवं उठाव की अद्यतन स्थिति।**

( **अतारांकित** प्रश्न क्रमांक : **835** ) **श्रीमतीसंगीता सिन्हा**

क्या **खाद्य मंत्री** महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि -

(क) खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 में संजारी-बालोद विधान सभा क्षेत्र के अंतर्गत उपार्जन केन्द्रों में लक्ष्य के विरूद्ध समर्थन मूल्य पर कितनी मात्रा में धान की खरीदी की गई एवं दिनांक 20 जून, 2026 तक कितना उठाव हुआ है? उपार्जन केन्द्रवार जानकारी देवें. (ख) वर्ष 2025 में संजारी-बालोद विधान सभा क्षेत्र में पंजीकृत किसानों की संख्या कितनी है एवं उनके द्वारा बोये गये धान के रकबे कितने हैं? जानकारी देवें. (ग) कितनी-कितनी मात्रा में कस्टम मिलिंग हेतु किन-किन राईस मिलर्स से अनुबंध किया गया है? क्या इन्हें पिछले कार्य का कोई राशि भुगतान किया जाना लंबित है? यदि हॉं तो कितना? भुगतान कब तक कर दिया जावेगा?

**उत्तर :**

कलेक्टर बालोद , मार्कफेड

अपेक्स बैंक